शहर की जनता से रिश्ता
छत्तीसगढ़ का पहला मिड-डे अखबार

अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर दीवार बनाने के लिए राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर सकते हैं ट्रम्प: वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप देश में अवैध प्रवासियों को आने से रोकने के लिए अमेरिका और मेक्सिको की सीमा पर दीवार बनाने के लिए राष्ट्रीय आपातकाल लागू कर सकते है। अपनी विवादित अमेरिका-मेक्सिको सीमा दीवार योजना के लिए समर्थन जुटाने के मकसद से ट्रंप ने बृहस्पतिवार को टेक्सस का दौरा किया। इस दौरान ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह आपातकाल घोषित करने वाले हैं। उन्होंने इसके जवाब में कहा, हम इसके निकट हैं। मुझे लगता है कि हम ऐसा जल्दी कर सकते हैं, क्योंकि यह सामान्य समझ की बात है।

ताजा खबर
संक्षिप्त

पत्रकार की हत्या के मामले में राम रहीम दोषी करार

पंचकूला (ए.)। 16 साल पुराने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्या मामले में पंचकूला की विशेष सीबीआई कोर्ट ने फैसला सुना दिया है,

जज जगदीप सिंह की कोर्ट ने राम रहीम को दोषी करार दिया है। रोहतक की सुनारिया जेल में बंद राम रहीम को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने गुरमीत राम रहीम सहित तीन अन्य आरोपियों किशनलाल, निर्मल व कुलदीप को दोषी करार दिया है, जिनकी सजा का ऐलान 17 जनवरी को होगा। वहीं सुनवाई के बाद सीबीआई वकील ने बताया कि इस मामले में चारों आरोपियों को दोषी करार दिया गया है। उन्होंने बताया कि डेरा मुखी सहित चारों आरोपियों को कम से कम उम्रकैद की सजा सुनाई जाएगी। राम रहीम डेरा सच्चा सौदा की ही दो साध्वियों के साथ यौन शोषण के दोष में सुनारिया जेल में बंद है। अब पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के मामले में भी राम रहीम को कोर्ट ने मुजरिम पाया है। राम रहीम के अलावा मामले से जुड़े अन्य सभी आरोपियों की पेशी प्रत्यक्ष रूप से हुई। मामला 16 साल पहले साल 2002 के मई महीने से शुरू हुआ।

यूपी : कांग्रेस का प्लान B 25 सीटों पर फोकस

नई दिल्ली (ए.)। यूपी में बीएसपी और एसपी के गठबंधन को लेकर आज औपचारिक ऐलान हो सकता है। अभी तक जो संकेत मिल

रहे हैं, उस हिसाब से गठबंधन में कांग्रेस को जगह नहीं मिलेगी, सिर्फ गांधी परिवार के परंपरागत गढ़ अमेठी और रायबरेली में गठबंधन अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगा। इसे देखते हुए कांग्रेस ने प्लान बी पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत पार्टी उत्तर प्रदेश की 25 उन संसदीय सीटों पर फोकस करेगी, जहां उसके जीतने की अधिक संभावना है। कांग्रेस सूत्रों ने हमारे सहयोगी अखबार इकनॉमिक टाइम्स को बताया कि कम अंतर से हारने वाली 25 सीटों पर जीतने की संभावना अच्छी है। इसलिए वह इन सीटों पर ध्यान देगी। यूपी में कांग्रेस के एक नेता ने कहा, 2009 के लोकसभा चुनाव में हमने यूपी में 21 सीटें जीती थीं। हम इसे ध्यान में रखकर आगे बढ़ रहे हैं।उन्होंने कहा, ऐसे प्रत्याशी हैं, जिनके चुनाव जीतने की अच्छी संभावना है। इनमें से

चारों धामों को जोड़ेगी सड़क, SC ने दी मंजूरी

देहरादून (ए.)। उत्तराखंड में चारों धाम को जोड़ने वाली केंद्र सरकार की ऑलवेदर सड़क परियोजना को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दे दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस योजना के तहत रोकी गई अन्य परियोजनाओं पर काम अगले आदेश तक रुका रहेगा। कोर्ट के मुताबिक इसके लिए इन्वाइरनमेंट इंपैक्ट असेसमेंट की मंजूरी लेनी होगी। जस्टिस आरएफ नरीमन और विनीत सरन की पीठ ने केंद्र सरकार से एनजीटी के आदेश पर रोक लगाने के लिए अपना हलफनामा दाखिल करने को कहा है। बता दें कि चार धाम परियोजना का उद्देश्य सभी मौसम में पहाड़ी राज्य के चार पवित्र स्थलों यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ को जोड़ना है। इस परियोजना के पूरा हो जाने के बाद हर मौसम में चार धाम की यात्रा की जा सकेगी। अपनी पिछली सुनवाई में कोर्ट ने इस परियोजना पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने देहरादून के एनजीओ ग्रीन दून की विशेष अनुमति याचिका पर रोक का आदेश जारी करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर मांगा जवाब था।

खबर जरा हटके

हवाई जहाज के सिकनेस बैग पर लिखी प्रेम कहानी

नई दिल्ली (ए.)। आपने वो मशहूर डायलॉग तो सुना होगा एक लड़की थी दीवानी सी ये अमेरिका में रहने वाली 21 साल की लड़की एंड्रिया के लिए काफी सही लगता है। इस दीवानी का लिखा लव लेटर इन दिनों काफी वायरल हो रहा है। खास बात ये है कि एंड्रिया नाम की इस ने यह खत अपनी विमान यात्रा के दौरान लिखा था और उसे जहाज में ही छोड़ गई थी। इसे छोड़ने से ज्यादा फेंकना कहा जाएगा क्योंकि वो प्लेन में उपलब्ध सिकनेस बैग पर लिखा था, जो यात्री जहाज में तबियत खराब होने पर उल्टी करने के लिए प्रयोग करते हैं। बाद में ये विमान के सफाईकर्मी को मिला और उसने इसे सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। इसके बाद जो हुआ वो कमाल था क्योंकि एंड्रिया की प्रेमकहानी सोशल मीडिया पर इस कदर वायरल हुई कि एक क्रेज बन गई। एक अनुमान के अनुसार रेडिट पर लिखी ये पोस्ट लगभग 50 हजार बार शेयर की जा चुकी है। आखिर क्या है इस कहानी में जो हर कोई इसके बारे में जानना चाहता है। द इंडिपेंडेंट और पीपुल्स की खबरों की मानें तो इस खत को पोस्ट करने वाली विमान की सफाई कर्मी के अनुसार उसे ये खत लगभग एक साल पहले विमान की सफाई के दौरान एक सीट के पिछले हिस्से में मिला था। ये एंड्रिया की बेहद मासूम कहानी है जो उसने उस शख्स के लिए अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए लिखी थी जिसे, इस प्यार के बारे में अभी कुछ पता नहीं था। इस लड़की ने लिख कि वो अपने इमोशंस के बारे में अपने प्रेमी को बताना चाहती है।

बाक्स न्यूज

शादी के लिए कब्र से चुराया 18 साल की लड़की की बॉडी

नई दिल्ली (ए.)। चीन में कब्र से एक लड़की की बॉडी को भुतहा शादी के लिए चुरा लिया गया। चीन के कुछ हिस्सों में अजीबोगरीब प्रथा रही है जहां दूल्हे या दुल्हन की शादी से पहले मौत हो जाने पर भुतहा शादी कराई जाती है। ऐसा माना जा रहा है कि हेबेई प्रोविन्स में 18 साल की लड़की की बॉडी को भुतहा शादी के लिए चुराया गया है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है। कब्र के पास लोगों के कुछ सामान मिले हैं जो चुराने वाले के हो सकते हैं। लड़की के परिवार वालों ने कहा है कि कुछ वक्त पहले एक अजनबी उनके घर आया था और डेड बॉडी खरीदने की इच्छा जाहिर की थी। हालांकि, परिवार ने ऐसा करने से इनकार कर दिया था। भुतहा शादी के लिए आमतौर पर सिंगल रहते हुए मृत हुए लोगों की बॉडी इस्तेमाल की जाती है। परिवार वालों ने ये भी कहा कि लड़की की कब्र में कोई भी कीमती सामान नहीं था। चीन के शांजी प्रोविन्स में 2015 में 14 महिलाओं के शव को कब्र से ऐसी ही शादी के लिए चुरा लिया गया था। हालांकि, डेड बॉडी से शादी कराए जाने की अजीब परंपरा को अगस्त 2006 में गैरकानूनी करार दिया गया था। कानून तोड़ने पर तीन साल तक की जेल की सजा हो सकती है।

राष्ट्रीय अधिवेशन में शाह बोले- 2019 वैचारिक युद्ध

बीजेपी ने किया चुनावी शंखनाद

नई दिल्ली (नेटडेस्क/एजेंसी)। बीजेपी के राष्ट्रीय अधिवेशन के पहले दिन शुक्रवार को बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2019 का चुनाव एक तरह का वैचारिक युद्ध है। यह दो विचारधाराओं की लड़ाई है। बीजेपी प्रेजिडेंट ने कहा कि 2019 का युद्ध सदियों तक असर छोड़ने वाला है और इसलिए एनडीए के 35 दल नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकजुट हैं। कांग्रेस और समूचे विपक्ष पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि विरोधियों के पास न नेता है और न नीति। उन्होंने कहा कि मराठा एक युद्ध हारे थे तो देश 200 साल के लिए गुलाम हो गया था। 2019 की स्थिति भी आज उसी तरह की है। उन्होंने कहा कि 2014 में 6 राज्यों में बीजेपी की सरकारें थीं और आज 16 राज्यों में हमारी सरकार है। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित अधिवेशन में उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं से कहा कि 2019 में मोदी की सरकार बनवा दीजिए, केरल तक बीजेपी सरकार बना लेगी।

गठबंधन ढकोसला, मोदी जैसा नेता दुनिया में नहीं : शाह ने कहा कि पूरी दुनिया में नरेंद्र मोदी जैसा नेता किसी दल के पास नहीं है। गठबंधन को लेकर बनते समीकरणों पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि यह गठबंधन ढकोसला है। विपक्षी दलों के गठबंधन की पहल को ढकोसला करार देते हुए शाह ने कहा कि बीजेपी गरीबों के कल्याण और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को आगे बढ़ा रही है जबकि विपक्षी दल केवल सत्ता के लिए साथ आ रहे हैं।

UP में 73-74 सीटें जीतेंगे : उन्होंने दावा किया कि बीजेपी अगले चुनाव में उत्तर प्रदेश में 73 से 74 सीटें जीतेगी। स्वच्छता, गंगा के पानी के शुद्धिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं का जिक्र कर शाह ने बीजेपी सरकार की प्रशंसा की।

राम मंदिर पर बोले, उसी स्थान पर बनेगा : काफी समय से चर्चा में रहे अयोध्या में राम मंदिर के मुद्दे पर भी शाह ने बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी चाहती है कि जल्द से जल्द उसी स्थान पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो और इसमें कोई दुविधा नहीं हैं। इस पर अधिवेशन में राम के नारे लगने लगे। शाह ने आगे कहा, सुप्रीम कोर्ट में केस चल रहा है। हम प्रयास कर रहे हैं कि जल्द से जल्द केस का निपटारा हो। हमने कहा है कि संवैधानिक तरीके से मामले का निपटारा हो लेकिन कांग्रेस अड़ंगा डालने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के कार्यकर्ता आश्वस्त रहें, हम राम मंदिर बनाने के लिए कटिबद्ध हैं।

राहुल-सोनिया पर निशाना : शाह ने कहा कि कुछ समय से जो स्वयं जमानत पर हैं, जिन पर इनकम टैक्स का 600 करोड़ रुपये बकाया हो, ऐसे लोग पीएम मोदी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जनता की सूझबूझ आपसे बहुत ज्यादा है। कांग्रेस पार्टी राफेल डील में भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है। इस पर शाह ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में हर रक्षा सौदे में दलाली हुई, अब मिशेल मामा पकड़े गए हैं तो वे पसीना-पसीना हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में 50 से ज्यादा ऐतिहासिक फैसले लिए गए। शाह ने कहा कि साढ़े चार वर्षों में 9 करोड़ शौचालय बनाकर माताओं और बहनों को शर्म से मुक्त करके सम्मान के साथ जीने का अधिकार बीजेपी सरकार ने दिया है। 2014 तक 60 करोड़ घर ऐसे थे जिनके पास अपना बैंक अकाउंट नहीं था, लेकिन मोदी सरकार ने एक झटके में ही इन सभी का अकाउंट बैंक में खोल दिया। उन्होंने कहा कि तीन तलाक, हज सब्सिडी, सिख दंगों के पीड़ितों को न्याय मिला, हम हक्रष्ट लेकर आए हैं और बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से आए हिंदू, जैन और सिखों को नागरिकता देने का फैसला भी मोदी सरकार ने किया। शाह ने कहा कि पिछली सरकारों ने सुभाष चंद्र बोस को भुला दिया था। हमने करतारपुर कॉरिडोर के जरिए सिखों की बड़ी मांग को पूरा करने का भी काम किया।

अब की बार फिर मोदी सरकार के नारे के साथ भाजपा ने दिल्ली के एतिहासिक रामलीला मैदान से मिशन 2019 का शंखनाद कर दिया है। परिषद के भव्य आयोजन में मोदी व योगी की धूम है। देश के हर कोने से आया कार्यकर्ता एक बार प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचना चाहता है, तो वह राजनीतिक फलक पर तेजी से उभर रहे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी करीब से देखना चाहता है। उद्घाटन सत्र में मोदी व योगी के पहुंचने पर तालियों की गड़गड़ाहट में कार्यकर्ताओं के मन की आवाज सुनी जा सकती थी। पांच साल पहले भाजपा ने यहीं से अपने मिशन 2014 की शुरुआत की थी, तब पूर्ण बहुमत की सरकार के साथ मोदी को देश प्रधानमंत्री बनाना था। इस बार मोदी को अगले पांच साल के लिए बरकरार रखने का मिशन है। इसलिए फर्क भी दिखता है। सबसे बड़ा प्रदेश उत्तर प्रदेश है, तो सबसे ज्यादा कार्यकर्ता वहीं से आए हैं। सबसे ज्यादा सीटें भाजपा के पास वहीं से हैं, तो सबसे कठिन चुनाव भी वहीं लड़ना है। ऐसे में भाजपा अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं में ज्यादा जोश भरा और साफ किया कि विपक्ष के गठबंधनों से डरें नहीं, इस बार पिछली बार से भी बड़ी जीत होगी। जनसंघ से लेकर भाजपा के इतिहास तक में यह पहली बैठक है, जिसमें उसके शिखर नेता अटल बिहारी वाजपेयी नहीं थे। हालांकि, अस्वस्थता के चलते अटलजी पिछली कई बैठकों में नहीं आते, लेकिन अब उनके निधन से एक रिक्तिता साफ दिखी। हालांकि, वाजपेयी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले वरिष्ठ नेता लाकृष्ण आडवाणी की मौजूदगी कार्यकर्ताओं को सुकून देने वाली रही। यही वजह है कि आडवाणी के मंच पर आने पर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां पर भी कार्यकताओं रे बीच बेहद सहज नजर आए।

यूपी में 73 नहीं अब 74 जीतेंगे

बीजेपी के अध्यक्ष अमित शाह ने दावा किया कि यूपी में सीटों की संख्या 73 से 74 होगी 72 नहीं होगी। दिल्ली में आयोजित बीजेपी के नेशनल काउंसिल की मीटिंग में बोलते हुए उन्होंने कहा कि लोग पूछ रहे हैं कि बुआ भतीजा इकट्ठा हुए तो क्या होगा। शाह ने कहा कि एकदूसरे का मुंह न देखने वाले, एकदूसरे के साथ सोफे के साथ न बैठने वाले आज साथ में हाथ हिला रहे हैं। इसलिए कि उन्हें पता चल गया है कि अगर अपना वजूद बचाना है तो मोदी के खिलाफ एक होना होगा कि क्योंकि मोदी को अकेले नहीं हराया जा सकता। समाजवादी पार्टी के चीफ अखिलेश यादव ने आजतक से कहा है कि वे शनिवार को बीएसपी सुप्रीमो मायावती के साथ गठबंधन का आधिकारिक ऐलान करेंगे। उन्होंने कहा कि शनिवार को दोनों पार्टियां मिलकर अपनी बात जनता तक पहुंचाएंगी। अखिलेश ने अपने गठबंधन की रुपरेखाबताते हुए कहा ये डर और मजबूरी का गठबंधन नहीं है बल्कि ये आम लोगों का गठबंधन है।

मंदिर पर कांग्रेस रोड़े अटका रही

भारतीय जनता पार्टी की दो दिन तक चलने वाली नेशनल काउंसिल की बैठक शुरू हो गई है। पीएम मोदी और अमित शाह समेत पार्टी के कई दिग्गज नेता बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है जल्द से जल्द उसी स्थान पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो और इसमें कोई दुविधा नहीं हैं। हम प्रयास कर रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट में चल रहे केस की जल्द से जल्द सुनवाई हो लेकिन कांग्रेस इसमें भी रोड़े अटकाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि असम में सर्वानंद सोनोवाल की सरकार बनी और सरकार बनते ही एनआरसी की शुरुआत की गई। हक्रष्ट देश में घुसपैठियों को चिन्हित करने की व्यवस्था है। अकेले असम मे 40 लाख प्रथम दृष्टया घुसपैठिये चिन्हित किये गये हैं। शाह ने कहा कि कुछ समय से जो स्वयं जमानत पर हैं, जिन पर इनकम टैक्स का 600 करोड़ रुपए बकाया हो, ऐसे लोग मोदी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं। जनता की सूझबूझ बहुत ज्यादा है। मोदी जी का प्रामाणिक जीवन और निश्कंलक चरित्र जनता के सामने है। गांधी जी के बाद स्वच्छता कोरा नारा था, मोदी जी ने आज स्वच्छता को देश का अभियान बनाया और आज देश पूर्ण रूप से स्वच्छ बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा का प्रबंधन कैसा हो, मोदी जी की सरकार में इसका आर्दश मॉडल आज दुनिया देख रही है। शाह ने कहा कि आज देश में नक्सलवाद और माओवाद लगभग समाप्त होने को है। 218% आतंकियों को मारने में वृद्धि का आंकड़ा मोदी सरकार में पार हुआ है। मोदी सरकार ने बीते पांच साल में 6 करोड़ गरीब माताओं को गैस का सिलेंडर देने का काम किया है। साथ ही कहा कि साढ़े चार सालों में 9 करोड़ शौचालय बनाकर माताओं और बहनों को शर्म से मुक्त करके सम्मान के साथ जीने का अधिकार भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दिया है। उन्होंने कहा कि 2014 तक 60 करोड़ घर ऐसे थे जिनके पास अपना बैंक अकाउंट नहीं था।

सांसदों ने मंदिर पर रखी दंगा

बीजेपी सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी को अब राम मंदिर के निर्माण को लेकर तारीख घोषणा कर देनी चाहिए। स्वामी ने शुक्रवार को भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के भाषण के बाद अपने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट कर यह बात कही। स्वामी ने ट्वीट में लिखा, भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में अमित शाह ने कमोबेश वही कहा जो मैंने कई बार स्पष्ट रूप से कहा- रामजन्मभूमि को वीएचपी को सौंपें और संविधान के अनुच्छेद 300 ए के तहत टाइटल होल्डर को मुआवजा दें। बीजेपी को अब तारीख घोषित करनी होगी। बता दें कि शुक्रवार (11 जनवरी) को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू हुआ है। शुक्रवार को अमित शाह ने तमाम मुद्दों के साथ राम मंदिर को लेकर भी पार्टी की राय रखी। अमित शाह ने कहा, भाजपा जल्द से जल्द राम मंदिर का निर्माण चाहती है। हम कोशिश कर रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट में मामले पर फैसला आए लेकिन कांग्रेस यहां भी अवरोध पैदा करने की कोशिश कर रही है। बता दें कि पिछले दिनों समाचार एजेंसी एएनआई को दिए एक विशेष साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर के सवाल पर कहा था कि सरकार अध्यादेश लाकर राम मंदिर का निर्माण नहीं कराएगी। उन्होंने अदालत के फैसले का इंतजार करने को कहा था। तमाम हिंदूवादी संगठनों की ओर से उनकी काफी किरकिरी हुई थी। हिंदूवादी संगठन सरकार से अध्यादेश लाकर मंदिर का निर्माण कराने की मांग कर रहे हैं।

'महागठबंधन ढकोसला है'

भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विपक्षी दलों के महागठबंधन की पहल को शुक्रवार को ढकोसला करार दिया। उन्होंने कहा कि 2019 का युद्ध सदियों तक असर छोड़ने वाला है और इसलिए मैं मानता हूं कि इसे जीतना बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, '2019 का चुनाव वैचारिक युद्ध का चुनाव है। दो विचारधाराएं आमने-सामने खड़ी हैं।' उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव भारत के गरीब के लिए बहुत मायने रखता है। स्टार्टअप को लेकर निकले युवाओं के लिए ये चुनाव मायने रखता है। करोड़ों भारतीयों, जो दुनिया में भारत का गौरव देखना चाहते हैं, के लिए ये चुनाव मायने रखता है। **महागठबंधन एक ढकोसला :** विपक्ष के महागठबंधन की पहल को ढकोसला करार देते हुए उन्होंने कहा कि एक-दूसरे का मुंह न देखने वाले आज हार के डर से एक साथ आ गए हैं, वो जानते हैं कि अकेले नरेंद्र मोदी जी को हराना मुमकिन नहीं है। शाह ने कहा कि 2014 के चुनाव में हम इन दलों को पराजित कर चुके हैं और आगे भी इन्हें पराजित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीबों के कल्याण और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को आगे बढ़ा रही है, जबकि विपक्षी दल केवल सत्ता के लिए साथ आ रहे हैं। **यूपी में भाजपा 74 होगी, 72 नहीं :** भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की सीट 73 से बढ़कर 74 होंगी, यह 72 नहीं होगी। उन्होंने दावा किया कि 2019 में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि 2014 में 6 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें थी और 2019 में 16 राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। 5 साल के अंदर भाजपा का गौरव 'दिन दुनी' गति से बढ़ा है। **भाजपा अजेय योद्धा मोदी के साथ :** अमित शाह ने कहा कि यह अधिवेशन भारतीय जनता पार्टी के देशभर में फैले कार्यकर्ताओं के लिए संकल्प करने का अधिवेशन है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अजेय योद्धा 'मोदी के नेतृत्व में' चुनाव में जा रहे हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं का जोश में बढ़ना चाहिए लेकिन होश नहीं खोना चाहिए। **राम मंदिर के लिए कटिबद्ध :** शाह ने कहा कि भाजपा चाहती है जल्द से जल्द उसी स्थान पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो और इसमें कोई दुविधा नहीं है। उन्होंने कहा, 'हम प्रयास कर रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट में चल रहे केस की जल्द से जल्द सुनवाई हो, लेकिन कांग्रेस इसमें भी रोड़े अटकाने का काम कर रही है। कांग्रेस अपना रुख स्पष्ट करे।' उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आश्वस्त रहें कि संविधान के तहत राम मंदिर के निर्माण के लिए पार्टी कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एक जमाना था जब देश में 'कांग्रेस बनाम अन्य' हुआ करता था, आज 'मोदी बनाम अन्य' हो गया है। **विवेकानंद का भारत बनाएंगे :** शाह ने कहा कि जिस भारत की कल्पना विवेकानंद जी ने की थी उस भारत को हम मोदी जी के नेतृत्व में बनाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी जनसंघ के समय से ही देश की राजनीति में ध्रुवतारे की तरह चमके थे।

इसरो ने बताया

2021 में उड़ेगा भारत का गगनयान

बेंगलुरु (ए.)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पिछले साल की उपलब्धियां गिनाते हुए आज 2019 के लक्ष्यों और अपने बहुप्रतीक्षित महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारियों के बारे में कई खास बातें बताईं। इस मिशन के तहत तीन सदस्यीय क्रू कम से कम 7 दिन के लिए अंतरिक्ष की यात्रा पर जाएगा। इसकी फाइनल लॉन्चिंग से पहले दो मानव रहित मिशन भी अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे। मोदी सरकार ने पिछले साल ही 10 हजार करोड़ की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी थी। इसरो चीफ के सिवन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान क्या खास जानकारियां दीं

इसरो की प्रेस कॉन्फ्रेंस की बड़ी बातें

-इसरो की सबसे बड़ी प्राथमिकता गगनयान है, पहली डेडलाइन अनमैंड मिशन के लिए दिसंबर 2020 तय की गई है, दूसरी डेडलाइन अनमैंड मिशन के लिए जुलाई 2021 तय की गई है। पहले मानवीय मिशन के लिए दिसंबर 2021 का समय तय किया गया है।

⏮ अंतरिक्ष पर मानव मिशन भेजने वाला भारत दुनिया का चौथा देश होगा। गगनयान के लिए शुरुआती ट्रेनिंग भारत में होगी और अडवांस ट्रेनिंग रूस में हो सकती है। इस मिशन में महिला अंतरिक्षयात्री भी टीम का हिस्सा होंगी।

⏮ अंतरिक्ष में मानवीय मिशन के लिए जरूरी उच्च तकनीक का विकास कर लिया गया है। इसके तहत अंतरिक्षयात्री 7 दिन तक स्पेस में रहेंगे।

आप नेता मीरा सान्याल का निधन

नई दिल्ली (ए.)। रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड की पूर्व सीईओ और आम आदमी पार्टी की नेता मीरा सान्याल का शुक्रवार को निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थीं। सान्याल ने बैंक की नौकरी छोड़ने के बाद आम आदमी पार्टी जॉइन की थी, वह साल 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी की ओर से बतौर प्रत्याशी खड़ी की गई थीं। आप नेता और दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 57 वर्षीय मीरा सान्याल के निधन की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया पर ट्वीट कर जानकारी दी। उन्होंने लिखा, मैं मीरा सान्याल के गुजर जाने की खबर को सुनकर काफी दुखी हूं। देश ने तीक्ष्ण आर्थिक प्रतिभा और उदार आत्मा को खो दिया है। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। वह हमारे दिल में हमेशा जिंदा रहेंगी। दिल्ली के सीएम व आप पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भी मीरा सान्याल के निधन पर दुख प्रकट किया।

GST- ITR- TDS
इनकम टैक्स फाईल मात्र 500/-
GST नम्बर / रिटर्न फाईल- TDS रिफंड-
डिजिटल सिगनेचर और म्युचुअल फंड हेतु संपर्क करें
हमारे Tax Expert आपकी मदद करने हेतु तैयार है।
संपर्क करें- शेखर गुप्ता 93007-55544 / 94251-65464
WWW.ONLYTDS.COM

कार्यालय कलेक्टर
(आदिवासी विकास) जिला-धमतरी (छ.ग.)

Email-tribal.dmt@gmail.com, Phone-07722-232142

क्रमांक/4877/आदि.वि./जा.प्र.प./2019, धमतरी, दिनांक 09/01/2019

संक्षिप्त निविदा पत्र

जिले अंतर्गत वन अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत लगने वाले आवेदन पत्रों अधिनियम की पुस्तिका, जाति प्रमाण पत्र फार्म एवं विभागीय योजनाओं का ब्रोसर (पाम्पलेट) की छपाई के लिए निर्धारित प्रपत्र संलग्न सूची अनुसार छपाई करने हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति के संबंध में।

निविदा पत्र का मूल्य	:-	500 रु.
निविदा प्रपत्र एवं आवेदन करने की अंतिम तिथि	:-	16.01.2019
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	:-	21.01.2019
निविदा खोलने की तिथि	:-	21.01.2019 (संध्या 5.00 बजे)
निविदा जमा करने का स्थान	:-	कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी शाखा कलेक्टर परिसर धमतरी

जी-57324/2

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, धमतरी